संख्या-2 / 280 बीपी / 35-1-2014-6 / 8(11) / 2014

प्रेषक,

नवीन चन्द्र त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
मूल्यांकन प्रभाग,
राज्य नियोजन संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-1 *लखनऊ: दिनांक: 01 जनवरी,2015*

विषय: बुन्देलखण्ड पैकेज पर 'विजन पेपर' का अध्ययन गिरि विकास अध्ययन संस्थान से तैयार कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने के संम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा बुन्देलखण्ड पैकेज पर विजन पेपर का अध्ययन गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ से कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के संबंध में होने वाले व्यय की लागत रू0 4.85 लाख (रूपये चार लाख पच्चासी हजार मात्र) को प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन देते हुए प्रथम किश्त के रूप में कार्य प्रारम्भ करने हेतु रू0 2.85 लाख (रूपये दो लाख पच्चासी हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त करने हेतु श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. उक्त स्वीकृति धनराशि निदेशक, मूल्यांकन प्रभाग राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0 के निर्वतन पर रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार आहरित करके गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ को उपलब्ध कराई जाएगी, जिसका लेखा जोखा निदेशक, मूल्यांकन प्रभाग द्वारा रखा जाएगा। कुल लागत के द्वितीय किश्त के रूप में अवशेष रू0 2.00 लाख की धनराशि अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात अवमुक्त की जायेगी। यह अध्ययन गिरि विकास अध्ययन संस्थान द्वारा 03 माह में पूर्ण किया जाएगा।

3. उक्त धनराशि का व्यय नियोजन विभाग के आय-व्ययक 2014-15 की अनुदान संख्या- 40 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष्क '3451-सचिवालय आर्थिक सेवायें-आयोजनेत्तर-092-अन्य कार्यालय-07-राज्य नियोजन संस्थान (मूल्यांकन प्रभाग) द्वारा विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों के मूल्यांकन की प्रक्रिया में विशेषज्ञों की सेवाओं के उपयोग हेतु व्यवस्था-16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान' के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

सख्या-2/280(1)बी0पी0/35-1-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, गिरि विकास अध्ययन संस्थान, सेक्टर-ओ, अलीगंज हाउसिंग योजना, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
6- गार्ड बुक हेतु।

आज्ञा से,

(राम रेखा पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in